पीथमपुर के प्रयागराज नर्सिंग कॉलेज पर प्रशासन ने चढ़ा ताला

दबंग दुनिया पीथमपुर

प्रदेश में नर्सिंग कॉलेज की सीबीआई से हुई जांच और उसमें हुए फर्जीवाड़े और सीबीआई निरीक्षक रिश्वत कांड के बाद उजागर हुए फर्जीवाड़े के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश के बाद प्रदेश की जांच में अनसुटेबल नर्सिंग कॉलेज की पुनः जांच और छोटे-छोटे कमरों अथवा भवनों में चल रहे नर्सिंग कॉलेज पर प्रशासन ने शिकंजा कसा, उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए ताला बंदी की। इस जद में धार जिले के चार नर्सिंग कॉलेज जो जांच में अनसूटेबल दर्ज थे। प्रथम दृष्टया उन्हें सील करने के आदेश धार कलेक्टर प्रियंक मिश्र ने जारी करते हुए संबंधित अनुविभागीय अधिकारी को निर्देश दिए कि वे उन्हें सील कर उसकी जानकारी रखें। कलेक्टर के आदेश के बाद पीथमपुर एसडीएम शाश्वत शर्मा और तहसीलदार जयेश प्रताप सिंह ने हाउसिंग बोर्ड कालोनी पीथमपुर स्थित एक भवन में चल रहे प्रयागराज नर्सिंग कॉलेज को सील कर दिया।

गर्मी से ई-रिक्शा चालक की मौत

ग्वालियर। गर्मी की वजह से एक युवक की मौत हो गई। सड़क से निकलने वाले लोगों ने इसकी सूचना ग्वालियर थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। ग्वालियर थाना प्रभारी जितेन्द्र सिंह तोमर ने बताया कि सुभाष नगर हजीरा निवासी 50 वर्षीय धर्मवीर पुत्र नंदकिशोर कोरी टमटम चलाता है। मेवाती मौहल्ला के पास पहुंचते ही उसने टमटम को एक साइड खड़ा किया और नीचे उतरते ही गिर पड़ा। सूचना पर मौके पर पहुंचकर जब उसकी तलाशी ली तो उसकी जेब से एक देशी शराब का क्वार्टर मिला। गर्मी की वजह से उसने दम तोड़ दिया। हालांकि इस मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

उद्योगों से नगर पालिका द्वारा टैक्स वसूली

संपत्ति कर लेने की मनाही के विरुद्ध उच्च न्यायालय से मिला स्टे

दबंग दुनिया पीथमपुर

निवेश क्षेत्र घोषित करने के बाद एमपीआईडीसी द्वारा उद्योगों को एक परिपत्र जारी कर नगरपालिका को संपत्ति कर जमा नहीं करने को कहा। नपा को भी सूचित किया कि वे उद्योगों से टैक्स वसूली न करें। इसके बाद अधिकांश उद्योगों ने नपा को टैक्स देना बंद कर दिया, जिससे नपा की आर्थिक स्थिति गंभीर हो गई। उद्योगों से टैक्स वसूली पर जारी आदेश के तहत टैक्स वसूली पर रोक लगा दी थी, इसी कारण नपा उद्योगों से टैक्स नहीं वसूल कर पा रही थी, निकाय को लाखों रुपए सालाना क्षति हो रही थी, जिससे निकाय के विभिन्न विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इस संबंध में परिषद की बैठक में अध्यक्ष की ओर से प्रस्ताव रख परिषद द्वारा एमपीआईडीसी के आदेश के विरुद्ध उच्च न्यायालय इंदौर में याचिका दायर करने के लिए नपा अध्यक्ष सेवंती सुरेश पटेल को अधिकृत किया गया, जिसके तहत निकाय द्वारा एडवोकेट विवेक दलाल के माध्यम से पिटिशन दायर की गई, जिसमें 28 मई 2024 को नपा को स्टे मिल गया। नपा अध्यक्ष पटेल ने कहा कि उच्च न्यायालय का निर्णय पीथमपुर की जनता के हित में है और निकाय द्वारा सभी उद्योगों से टैक्स वसूली कर जनहित के विकास कार्य करेंगे। उक्त नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेश पटेल और विपुल पटेल ने दी।

माहवारी दिवस पर किया जागरूक, स्कूलों में चलाएंगे अभियान

दबंग दुनिया ग्वालियर

नींव शिक्षा जनकल्याण समिति ने विश्व माहवारी दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों ने छात्राओं को जागरूक करते हुए अभियान चलाने का संकल्प लिया। सदस्यों ने संकल्प लिया कि सभी शासकीय विद्यालयों में निःशुल्क पैड उपलब्ध हो इसकी मांग को लेकर अभियान चलाएंगे।

सरकार इस मांग को जब तब तक नहीं मानेगी आंदोलन किया जाएगा। यह बात नींव शिक्षा जनकल्याण समिति की सचिव रीना शाक्य ने विश्व माहवारी के उपलक्ष्य में आयोजित सेमीनार में कही।

सेमीनार की मुख्य अतिथि महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. यशोधरा गौर ने कहा कि आमतौर पर महिलाए माहवारी को शर्म से जोड़ती हैं। हमें माहवारी के बारे में सिर्फ महिलाओं-बेटियों को ही नहीं बल्कि पुरुषों को भी जागरूक करने की जरूरत है ताकि वे हमारी परेशानियों को समझ सकें व इन दिनों में हमारी मदद भी कर सकें।

माहवारी को लेकर समाज में जो भ्रांतियां हैं-वे भी पूरी तरह गलत हैं। माहवारी ऐसी प्रक्रिया है जो समाज में एक लड़की को मां बनने का दर्जा प्रदान करता है। अगर हमें दो से पांच दिनों तक माहवारी होती है तो यह हमारे स्वस्थ होने को भी दर्शाता है। इसलिए हमें इसपर शर्म नहीं गर्व करना चाहिए।

महिला बाल विकास विभाग के शालिन शर्मा ने कहा कि महिला बाल विकास माहवारी को लेकर बहुत ही संजीदगी से कार्य कर रहा है। आंगनबाड़ी केन्द्रों पर किशोरी-बालिकाओं को इसके बारे में जानकारी दी जाती है तथा माहवारी के दौरान होने वाली परेशानियों से बचने व साफ व स्वच्छता के बारे में भी बताया जाता है।

नवविवाहिता को अगवा कर पड़ोसी ने किया दुष्कर्म, आरोपी पकड़ा

दबंग दुनिया ग्वालियर

घर के पीछे बने बाथरूम में जा रही नवविवाहिता को एक बदमाश ने मुंह पर कपड़ा बांधा और उसे जबरन खीच कर एकांत स्थान पर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। घटना घाटीगांव थाना क्षेत्र के दुसेर्डी में बीती रात की है। पीड़िता ने जब उसका विरोध करने का प्रयास किया तो आरोपी ने उसकी बेरहमी से मारपीट कर दी।

नवविवाहिता के वापस नही आने पर सास व पति उसे तलाशते हुए वहां पर पहुंचे तो आरोपी उन्हें भी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। घटना की शिकार पीड़िता थाने पहुंची और मामले की शिकायत की। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

घाटीगांव थाना क्षेत्र के दुसेर्डी निवासी 22 वर्षीय नवविवाहिता बीती रात करीब आठ बजे घर के पीछे बने बाथरूम में फ्रेस होने के लिए जा रही थी। वह बाथरूम पहुंचती उससे पहले पास ही रहने वाला राजेश उर्फ राजकुमार पुत्र रामअवतार गुर्जर वहां पर पहुंचा। वह कुछ समझ पाती उससे पहले ही आरोपी ने उसके मुंह में कपड़ा ठूस दिया और उसे जबरन घसीटता हुआ उसके घर से कुछ दूरी पर एकांत स्थान पर ले गया। यहां पर पहुंचते ही उसने गलत हरकत करना शुरू कर दिया। जब उसने विरोध किया तो आरोपी ने उसकी मारपीट शुरू कर दिया। वह उससे बचने के लिए प्रयास करने लगी तो आरोपी ने उसके चेहरे पर मुक्के बरसा दिए, जिससे वह घायल हो गई और आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। काफी देर बाद भी जब नवविवाहिता घर नहीं पहुंची तो उसकी सास व पति उसे तलाशते हुए वहां पर पहुंचे और उसे पकड़ने का प्रयास किया तो आरोपी उन्हें धमकी देकर भाग निकला। वारदात की शिकार पीड़िता को परिजन थाने लेकर पहुंचे और पुलिस से शिकायत की।

मामला दर्ज कर पुलिस उसकी तलाश में उसके घर पहुंची तो वह घर से गायब था। पूछताछ में पता चला कि कुछ ही देर पहले वह घर से निकला है। इसका पता चलते ही पुलिस ने उसकी तलाश की तो वह खेतों के रास्ते मेन रोड की तरफ जाता दिखाई दिया। जो पुलिस को देखकर भागने लगा। जिसका पीछा कर पुलिस ने पकड़ा और हिरासत में ले लिया है।

आरोपी मां और बेटे को दस-दस वर्ष की सजा

ग्वालियर। मामूली विवाद को लेकर गांव में रहने वाले युवक पर कुल्हाड़ी से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल करने वाली मां व बेटे को कोर्ट ने दसदस वर्ष की सजा सुनाई है। साथ ही पांच-पांच हजार रुपए का अर्थ दण्ड लगाया है। कोर्ट ने सजा का फैसला सुना दिया है।

न्यायालय के आदेश में बताया है कि 20 अक्टूबर 2017 को बिजौली थाना क्षेत्र स्थित ग्राम सिंगारपुर में अशोक सिंह नाम के युवक पर रॉबिन सिंह उर्फ कल्लू सिंह किरार व उसकी मां अरुणा किरार ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया था। इस मामले में अशोक सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया था। कुल्हाड़ी के हमले से अशोक सिंह की एक आंख की रोशनी हमेशा के लिए खत्म हो गई।

पुलिस ने 16 मार्च 18 को आरोपी अरुणा व 3 मई18 को रॉबिन को पकड़ लिया था। इस मामले में लबी सुनवाई के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया, जिसमें दोनों आरोपियों को दस-दस वर्ष की सजा व पांच-पांच हजार का अर्थ दण्ड लगाया है।

महादेव समर्पण सेवा संस्थान ने माहवारी स्वच्छता का दिया संदेश

दबंग दुनिया ग्वालियर

महादेव समर्पण सेवा संस्थान पिछले कई वर्षों से माहवारी स्वच्छता पर कार्य करती आ रही है। इस कार्य के दौरान कई सारे गाँव गोद लिए गए और उसमें माहवारी स्वच्छता के बारे में समझाया गया।

इसी क्रम में माहवारी स्वच्छता दिवस पर संस्था के द्वारा कटोरा ताल चौराहे पर इसका संदेश दिया गया। संस्थान ने संदेश में 600 सेनेटरी नेपकीन मिलाकर प्लीज यूज मी सेव हाइजीन लिखा गया और वहाँ उपस्थित आमजन को इस दिवस की विशेषता के बारे में बताया गया। तथा इस दौरान सभी से इस विषय से सम्बंधित सवाल जवाब किए गए और सभी को सेनेटरी नेपकीन भी वितरित किए गए। इस संदेश में उपयोग हुए सभी सेनेटरी नेपकीन को गांव और बस्तियों में बांटेंगे। ताकि वहाँ भी लोग इसके प्रति जागरूक हों। संस्थान से तनुश्का राय, अपेक्षा भदौरिया, अंकिता रिछारिया, गीता सूर्यवंशी, मनोज राजपूत, रमन चौरसिया और अमित द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

मानस भवन में रामधुन का आयोजन

दबंग दुनिया ग्वालियर

तुलसी मानस प्रतिष्ठान ग्वालियर द्वारा संस्था के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर मानस भवन फूलवाग पर रामधुन आबा महाराज मठ दाल बाजार के महंत उपेंद्र शिरगांवकर एवं राघवेंद्र सिरगांवकर द्वारा प्रस्तुति की गई। पश्चात आशा पापरीकर द्वारा तू ही राम है, तू रहीम है, तू करीम कृष्ण खुदा हुआ। तू ही वाहे गुरु तू येशु मसीह हर नाम में तू समा रहा। तेरी जात पाक कुरान में तेरी दर्श वेद पुराण में गुरु ग्रंथ के बखान में तू प्रकाश अपना दिखा रहा। की संगीत मयी मनमोहक प्रस्तुति की गई। राघवेंद्र सरगांवकर ने समर्थ रामदास महाराज के अनमोल वचनों का व्याख्यान किया।

इस अवसर पर सांसद विवेक शेजवलकर, संस्था के अध्यक्ष अभय पापरीकर, डॉ. उमाशंकर पचौरी, महेश मुद्गल, रामबाबू कटारे, राकेश दीक्षित, दुष्यंत साहनी, केडी सोनकिया, मनीष तिवारी, नरेंद्र सिंघल, निशिकांत सुरंगे, अशोक बाजपेई, नितिन बालिंबे, राजेश नायक डॉ. सुखदेव मखीजा आदि उपस्थित थे।

हाइवे पर चलते टैंकर में लगी आग

दबंग दुनिया ग्वालियर

हाइवे पर जा रहे लोडिंग टैंकर वाहन में अचानक आग लग गई। आग लगने का पता चलते ही पुलिस और दमकल अमला मौके पर पहुंचा और एक गाड़ी पानी फायर कर आग बुझाई। घटना आंतरी थाना क्षेत्र स्थित कल्याणी हाइवे की है। पुलिस आग बुझाकर थाने पहुंची ही थी कि तभी फिर सूचना आई कि उसी गाड़ी में दोबारा आग लग गई है।

पुलिस मौके पर पहुंची और आग से धधक रही गाड़ी को पलटाया और उसके बाद दमकल अमले की मदद से आग बुझाई। दतिया निवासी राजेन्द्र सिंह यादव पुत्र सुन्दर सिंह यादव ट्रांसपोर्टर है और वह लोडिंग क्रमांक एमपी 06 जीए 3805 में गत्ते भर कर जा रहे थे। अभी वह कल्याणी हाइवे के पास पहुंचे थे कि तभी अचानक गाड़ी में आग लग गई। आग की लपटे देखकर वहां से गुजर रहे लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल अमला मौके पर पहुंचा और आग पर काबू पाया।

पुलिस आग से बुझाने के बाद थाने वापस आई थी कि तभी सूचना मिली कि उसी गाडी में दोबारा आग लग गई है। आग का पता चलते ही पुलिस और दमकल को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने वहां से गुजर रहे लोगों की मदद से गाड़ी को पलटाया, क्योंकि गाड़ी में गत्ते भरे हुए थे, जो बार-बार सुलग जाते थे और आग की लपटे निकल रही थी।

दुष्कर्म के आरोपी पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

ग्वालियर। शॉर्ट एनकाउन्टर में चीनौर रोड मऊछ की घाटी क्षेत्र में गोली लगने से घायल अवस्था में हिरासत में लिए गये शातिर बदमाश बंटी उर्फ कोमल भदकारिया खटीक के खिलाफ पनिहार पुलिस थाने में हत्या के प्रयास, शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने और अवैध शस्त्र अधिनियम के तहत प्रकरण कायम किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पनिहार पुलिस थाने में बदमाश के खिलाफ नगर निरीक्षक इंदरगंज धर्मेन्द्र सिंह कुशवाह की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया। टीआई कुशवाह ने शिकायत दर्ज कराई कि आरोपी बंटी उर्फ कोमल भदकारिया खटीक के द्वारा मऊछ की घाटी में पुलिस एबूश के दौरान अवैध देशी कट्टे से जान से मारने की नीयत से फयर किया गया।

समर कैंप में छात्रों ने बढ़चढ़ हिस्सा लिया

दबंग दुनिया ग्वालियर

आज के सामाजिक परिवेश मे बच्चों का बचपन मोबाइल गेम व तमाम इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स में जा रहा है। जिसके चलते बच्चों का शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास भी रुक रहा है। ऐसे में हम मानते है कि सही शिक्षा जो सही चरित्र निर्माण से हमारे देश के सभ्य समाज के भविष्य की नींव रख पाये। इसी उद्देश्य को ध्यान मे रखते हुए सृजन सांस्कृतिक मंच की तरफ से 7 दिवसिय समर कैंप आयोजित किया गया।

जिसमें छात्रों ने बढ़चढ़ कर, खेल, पेंटिंग,आर्ट क्राफ्ट, नृत्य, नाटक अन्य कलाओ में भाग लिया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि सृजन सांस्कृतिक मंच की संयोजिका श्रुति शिवहरे रही। इस दौरान सभी छात्रों के अभिभावक के साथ ही रिया, आनंद, आदित्य, अंशुल, प्रशांत व पूजा, आस्था आदि मौजूद रही।

एनसीसी आर्मी और नेवल विंग का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर आयोजित

दबंग दुनिया ग्वालियर

15 मप्र बटालियन एनसीसी द्वारा कैम्प कमांडेंट कर्नल डीएस वर्मा के नेतृत्व एवं प्रशासनिक अधिकारी कर्नल आकाश शर्मा की देख रेख में आयोजित किया जा रहा हैं। कर्नल वर्मा ने बताया इस शिविर में 400 के लगभग कैडेट्स प्रशिक्षण के भाग ले रहे हैं।

इस शिविर में कैडेट्स को प्रशिक्षण विशेष दिया जाएगा जुलाई 2024 दिल्ली में होने ऑल इंडिया थल सैनिक शिविर के लिए कैडेट्स को तैयार किया जाएगा। इस शिविर में टेंट पिचिंग, फायरिंग, बाधाएं प्रशिक्षण, मैप रीडिंग, हेल्थ एंड हाइजिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कैडेट को बाधाएं प्रशिक्षण के लिए 15 से 20 किलो वजन और राइफल लेकर दौड़ कर 10 प्रकार की बाधाये से गुजरने का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

कैडेट्स को संबोधित करते हुए कर्नल वर्मा ने कहा- इस गर्मी में देश सेवा के लिए हमेसा तैयार हैं। आप सभी इस देश की आने वाले सेना का भविष्य हैं। इतनी संख्या में आप सभी शिविर में भाग ले रहे हैं यह गर्व की बात हैं। 3 मप्र नेवल यूनिट द्वारा कैम्प कमांडेन्ट ले. कमांडर अखिल शर्मा (नेवी) के नेतृत्व में आयोजित हैं। इसी क्रम में पिछले 6 दिन से संचालित नेवल विंग का शिविर मे कैडेट ने फायर फायटिंग एवं बोट पुलिंग और तैराकी का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही एनसीसी कैडेट्स को तिघरा नेवल ट्रेनिंग एरिया में बोट रिंगिग एवं बोट पुलिंग का प्रशिक्षण दिया गया, जिसका उददेश्य नौ सैनिक शिविर में होने वाली बोट पुलिंग प्रतियोगिता हेतु प्रशिक्षित करना है।

-: जाहिर सूचना :-

सर्व साधारण को सूचीत किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा ममताबाई पति रमेश झांझा जाति कंजर निवासी ग्राम सांवेर तह. सोनकच्छ जिला देवास म.प्र. एवं सहमतिकर्ता रमेश पिता आजादसिह झांझा जाति कंजर निवासी ग्राम सांवेर तह. सोनकच्छ जिला देवास म०प्र० उनके स्वत्व एवं मालकी की भूमि ग्राम सांवेर प.ह.न. 55 तह. सोनकच्छ जिला देवास म.प्र. में स्थित भूमि सर्वे नं. 167/ 2/2 रकबा 0.20 हेक्टेयर भूमि क्रय करने का विक्रय अनुबंध किया है तथा विक्रय अनुबंध पैटे प्रतिफल का आंशिक भुगतान भी कर दिया गया है उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, क्रय विक्रय, गिरवी रहन आदि हो या कोई आपत्ती हो या कब्जा हो तो वह आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज के मेरे कार्यालय में जाहिर सूचना के प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस में स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत करें अन्यथा अवधि पश्चात आपत्ति अमान्य मानी जावेगी। अतः सूचीत हो।

भवदीय
जीवनसिह गुर्जर, एडव्होकेट
बी आर सी चौराहा पप्पु एंड पप्पु ढाबे के सामने सोनकच्छ जिला देवास म.प्र.
मो. नं. 9926526401

Yellow Diamond®

प्रताप स्नैक्स लिमिटेड
सीआईएन: L15311MP2009PLC021746
पंजीकृत कार्यालय: खसरा नं. 378/2, नेमावर रोड, मकरंद हाउस के पास, पालदा इन्दौर-452020, मध्य प्रदेश, भारत। दूरभाष: (0731) 243 9999
ई-मेल: complianceofficer@yellowdiamond.in वेबसाइट: www.yellowdiamond.in

डाक मतपत्र सूचना

कंपनी के शेयरधारकों को सूचित किया जाता है कि धारा 110 के प्रावधानों और कंपनी अधिनियम, 2013 के अन्य लागू प्रावधानों (अधिनियम) और कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 और 22 के अनुसार, (नियम), भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के विनियम 44 (सूचीकरण बाध्यताएँ और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015, (सूचीकरण विनियम) (किसी भी वैधानिक संशोधन (संशोधनों) सहित, या पुन: अधिनियमन (एस) तत्संबंधी, फिलहाल लागू), सामान्य परिपत्र संख्या 9/2023 दिनांक 25 सितंबर, 2023, 11/2022 दिनांक 28 दिसंबर, 2022, 3/2022 दिनांक 05 मई, 2022, 20/2021 दिनांक 08 दिसंबर, 2021, 10/2021 दिनांक 23 जून, 2021, 39/2020 दिनांक 31 दिसंबर, 2020, 33/2020 दिनांक 28 सितंबर, 2020, 22 / 2020 दिनांक 15 जून, 2020, 20/2020 दिनांक 5 मई, 2020, 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020 और 14 / 2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020 द्वारा जारी कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए परिपत्र), कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी सामान्य बैठकों (एसएस - 2) पर सचिवीय मानक भारत, एक पोस्टल बैलेट नोटिस दिनांक 20 मई, 2024, प्रताप स्नैक्स लिमिटेड (कंपनी) के सदस्यों के अनुमोदन की मांग करते हुए पोस्टल बैलेट नोटिस में निर्धारित संकल्पों पर केवल उन सदस्यों को ई-मेल के माध्यम से भेजा गया है जिनके ई-मेल पते कंपनी या रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट या डिपॉजिटरी के साथ पंजीकृत हैं और जिनके नाम कट-ऑफ तारीख यानि शुक्रवार, 24 मई, 2024 को सदस्यों के रजिस्टर / लाभार्थी मालिकों की सूची में परिलक्षित हैं। कंपनी ने बुधवार, 29 मई, 2024 को ई-मेल के माध्यम से पोस्टल बैलेट नोटिस भेजा है।

पोस्टल बैलेट नोटिस कंपनी की वेबसाइट www.yellowdiamond.in पर स्टॉक एक्सचेंज यानि बीएसई लिमिटेड की वेबसाईट www.bseindia.com व नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाईट www.nseindia.com पर उपलब्ध होगा साथ ही सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (CDSL) की वेबसाइट www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध होगा।

नियमों, लिस्टिंग विनियमों और एमसीए परिपत्रों के साथ पठित अधिनियम की धारा 108 के प्रावधानों के अनुसार, प्रस्तावित संकल्पों पर मतदान का तरीका केवल ई-वोटिंग तक ही सीमित है, अर्थात फिज़िकल पोस्टल बैलट फॉर्म जमा करने के बजाय इलेक्ट्रॉनिक रूप से वोट डालना है। कट-ऑफ तारीख 24 मई, 2024 को सदस्यों के वोटिंग अधिकार कंपनी की पेड इक्विटी शेयर पूंजी में उनके शेयरों के अनुपात में होंगे।

कंपनी ने ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करने के लिए अधिकृत ई-वोटिंग एजेंसी सीडीएसएल की सेवाएं ली हैं। ई- वोटिंग अवधि के दौरान, कट-ऑफ तारीख यानी शुक्रवार, 24 मई, 2024 को भौतिक रूप में या डीमैट रूप में शेयर रखने वाले कंपनी के सदस्य संकल्पों के संबंध में केवल रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट डाल सकते हैं ऐसा पोस्टल बैलेट नोटिस में निर्धारित किया गया है। एक व्यक्ति जो कट-ऑफ तिथि के अनुसार सदस्य नहीं है, उसे इस पोस्टल बैलेट नोटिस को केवल सूचना के उद्देश्य से मानना चाहिए।

ई-वोटिंग की अवधि गुरुवार, 30 मई, 2024 को सुबह 9:00 बजे (आईएसटी) से शुरू होती है और शुक्रवार, 28 जून, 2024 को शाम 5:00 बजे (आईएसटी) समाप्त होती है। इसके बाद वोटिंग के लिए सीडीएसएल द्वारा ई-वोटिंग सुविधा बंद कर दी जाएगी।

सूचीबद्ध कंपनियों द्वारा प्रदान की जाने वाली ई- वोटिंग सुविधा पर सेबी के परिपत्र दिनांक 9 दिसंबर, 2020 के अनुसार, सभी व्यक्तिगत डीमैट खाताधारकों के लिए ई-वोटिंग प्रक्रिया को उनके डीमैट खातों / डिपॉजिटरी की वेबसाइटों के माध्यम से एकल लॉगिन क्रेडेंशियल के माध्यम से सक्षम किया गया है। मतदान प्रक्रिया की दक्षता बढ़ाने के लिए व्यक्तिगत सदस्यों को सलाह दी जाती है कि वे ई- वोटिंग सुविधा का उपयोग करने के लिए अपने संबंधित डीपी / आरटीए के साथ अपना मोबाइल नंबर और ई-मेल पता अपडेट करें। पोस्टल बैलेट नोटिस में ई-वोटिंग की लॉगिन विधियों के लिए विस्तृत निर्देश दिए गए हैं।

सदस्य, जो डीमैट धारण के मामले में अपना ई-मेल पता अपडेट या पंजीकृत करना चाहते हैं, कृपया अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) से संपर्क करें और अपने ई-मेल पते को पंजीकृत करें, उनके डीपी द्वारा सुझाई गई प्रक्रिया के अनुसार और भौतिक रूप से होल्डिंग, फॉर्म ISR-1 विधिवत भरा हुआ और हस्ताक्षरित KFin Technologies Limited, कंपनी के शेयर ट्रांसफर एजेंट einward.riskfintech.com पर भेज सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए, कृपया हमारे शेयर ट्रांसफर एजेंट, KFin Technologies Limited, सेलेनियम बिल्डिंग, टॉवर - बी, प्लॉट नंबर 31 और 32, फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुडा, सेरिलिंगमपल्ली, हैदराबाद 500032, तेलंगाना, भारत में संपर्क करें या einward.riskfintech.com पर ईमेल भेजें। शेयर ट्रांसफर एजेंट की वेबसाइट https://www.kfintech.com है।

रिमोट ई-वोटिंग का परिणाम कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में शनिवार, 29 जून, 2024 को या उससे पहले घोषित किया जाएगा। उक्त परिणाम कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में प्रदर्शित किया जाएगा, स्टॉक एक्सचेंजों को सूचित किया जाएगा जहां कंपनी के इक्विटी शेयर सूचीबद्ध हैं और कंपनी की वेबसाइट www.yellowdiamond.in और सीडीएसएल कंपनी की वेबसाइट https://www.evotingindia.com पर संवीक्षक की रिपोर्ट के साथ भी प्रदर्शित किए जाएंगे।

सदस्यों से अनुरोध है कि वे पोस्टल बैलट नोटिस में निर्धारित सभी टिप्पणियों विशेष रूप से रिमोट ई-वोटिंग के लिए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।

यदि सीडीएसएल ई-वोटिंग सिस्टम से ई-वोटिंग के संबंध में आपके कोई प्रश्न या मुद्दे हैं, तो आप helpdesk.evotingcdlindia.com पर ई-मेल लिख सकते हैं या टोल फ्री नंबर 1800 2255 33 पर संपर्क कर सकते हैं।

इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान की सुविधा से जुड़ी सभी शिकायतें श्री राकेश दलवी, सीनियर मैनेजर, (सीडीएसएल) सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड, ए विंग, 25वीं मंजिल, मैराथन फ्यूचरेक्स, मफतलाल मिल कंपाउंड्स, एनएम जोशी को भेजी जा सकती हैं। मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई - 400013 या helpdesk.evotingcdlindia.com पर ई-मेल भेजें या टोल फ्री नंबर 180022 55 33 पर कॉल करें।

कृते प्रताप स्नैक्स लिमिटेड
(हस्ताक्षर)
पराग गुप्ता
कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी

स्थान : इंदौर
दिनांक: 29 मई, 2024

ANL Pub